अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

07 FEB., 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **उत्तराखंड की कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक को मंजूरी दी**




- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड के मंत्रिमंडल ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को मंजूरी दे दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को हरी झंडी दे दी है, जो एक ऐतिहासिक कदम है।
- सरकार द्वारा नियुक्त समिति की सिफारिशों के आधार पर तैयार किया गया विधेयक 6 फरवरी को उत्तराखंड विधानसभा में पेश किया जाएगा।
- यदि यह पारित हो जाता है, तो उत्तराखंड स्वतंत्रता के बाद समान नागरिक संहिता को अपनाने वाला पहला राज्य होगा, जिसका लक्ष्य नागरिक कानूनों को मानकीकृत करना है। सभी नागरिक, चाहे उनकी धार्मिक संबद्धता कुछ भी हो।

2. **ओडिशा में PM मोदी ने तालाबीरा थर्मल पावर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में तालाबीरा थर्मल पावर प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस परियोजना का लक्ष्य 3200 मेगावाट की क्षमता के साथ राज्य में सस्ती बिजली उपलब्ध कराना है।
- **तालाबीरा थर्मल पावर प्रोजेक्ट के बारे में**
- तालाबीरा पावर स्टेशन, जिसे नेवेली तालाबीरा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एनटीटीपीपी) के नाम से भी जाना जाता है, तालाबीरा, संबलपुर, ओडिशा में स्थित है।
- स्टेशन को तीन चरणों में सक्रिय किया जाएगा, पहले चरण में 800 मेगावाट के तीन स्टेशन होंगे।
- सरकार ने एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) के माध्यम से तालाबीरा में 2400 मेगावाट के अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

3. **कर्नाटक ने ब्लाइंड पुरुषों की राष्ट्रीय दृष्टिबाधित T-20 नागेश ट्रॉफी जीती**




- कर्नाटक ने नागेश ट्रॉफी जीती, जो पुरुषों के राष्ट्रीय दृष्टिबाधित टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।
- कर्नाटक ने नागेश ट्रॉफी जीती, जो पुरुषों के राष्ट्रीय दृष्टिबाधित टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।
- नागपुर में आयोजित रोमांचक फाइनल में कर्नाटक ने आंध्र प्रदेश को नौ विकेट से हराया और राष्ट्रीय खिताब के लिए 20 वर्ष की प्रतीक्षा को खत्म किया।
- इस जीत ने न केवल दृष्टिबाधित क्रिकेटरों की असाधारण प्रतिभा को प्रदर्शित किया बल्कि लचीलेपन और दृढ़ संकल्प की भावना को भी उजागर किया जो खेल को परिभाषित करता है।

4. **संस्कृति मंत्रालय 'मेरा गांव, मेरी धरोहर' प्रोग्राम तैयार कर रहा है**




- संस्कृति मंत्रालय ने 'मेरा गांव, मेरी धरोहर' (एमजीएमडी) कार्यक्रम के तहत सभी गांवों की मैपिंग और प्रलेखन तैयार कर रहा है.
- संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के समन्वय से सांस्कृतिक मैपिंग पर राष्ट्रीय मिशन चलाया जा रहा है.

- 27 जुलाई, 2023 को एमजीएमडी पर एक वेब पोर्टल भी लॉन्च किया गया था.

**5. उत्तराखंड विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पेश किया**



- उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड को विधानसभा सदन में पेश कर दिया है.
- इस विधेयक को अब आगे राज्यपाल के पास भेजा जायेगा. इस बिल के पास हो जाने के बाद यह कानून बन जायेगा.
- इसके साथ ही उत्तराखंड देश में यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बन जायेगा.
- यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट जस्टिस रंजना देसाई कमिटी की रिपोर्ट के आधार पर तैयार किया गया है.

**6. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में इंडिया एनर्जी वीक 2024 का उद्घाटन किया**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में इंडिया एनर्जी वीक 2024 का उद्घाटन किया, जो देश के ऊर्जा क्षेत्र को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है.
- भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और ग्रीन एनर्जी स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है.
- इस कार्यक्रम में 100 से अधिक देशों के 4,000 से अधिक प्रतिनिधियों सहित 35,000 से अधिक लोग भाग ले रहे है.

**7. हैदराबाद के सालार जंग संग्रहालय में देश के पहले 'डिजिटल राष्ट्रीय पुरालेख संग्रहालय' की आधारशिला रखी**



- केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद के सालार जंग संग्रहालय में देश के पहले डिजिटल राष्ट्रीय पुरालेख संग्रहालय (Digital National Museum of Epigraphy) की आधारशिला रखी.
- इसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा स्थापित किया जा रहा है.
- इसमें विभिन्न भाषाओं और कालखंडों के लगभग एक लाख प्राचीन शिलालेख रखे जाएंगे.

**8. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय बाल भवन में दो दिवसीय 'उल्लास मेले' का उद्घाटन किया**




- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली के राष्ट्रीय बाल भवन में दो दिवसीय उल्लास मेले (ULLAS Mela) का उद्घाटन किया.
- स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है.
- इस आयोजन में विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सात सौ प्रतिभागियों के साथ-साथ शिक्षा मंत्रालय और विभिन्न संगठनों के 100 से अधिक लोग भाग ले रहे है.

**9. बिम्सटेक एक्रेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है**




- 
- बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप (BIMSTEC Aquatics Championships) 2024 का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है.
- केंद्रीय युवा कार्यक्रम और श्री खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इस चैंपियनशिप का उद्घाटन किया.
- पहली बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 6 फरवरी से 9 फरवरी 2024 तक आयोजित की जा रही है.
- बिम्सटेक की स्थापना साल 1997 में की गयी थी.
- इस ग्रुप में 7 (बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और थाईलैंड) देश शामिल है.

**10. वर्तमान में आरसीएस उड़ान योजना के तहत देश में 519 एयर-रूट संचालित किये जा रहे है**




- 
- क्षेत्रीय स्तर पर हवाई संपर्क योजना (आरसीएस) 'उड़े देश का आम नागरिक' (UdeDeshkaAamNagrik-UDAN) के तहत अब तक देशभर में 519 एयर-रूट का संचालन किया जा रहा है.
- 'उड़ान' योजना के तहत 2 जलीय हवाई अड्डों और 9 हेलीपोर्ट सहित 76 हवाई अड्डों का संचालन किया जा रहा है.
- इस योजना को साल 2016 में लांच किया गया था.
- 

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **किस राज्य की कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक को मंजूरी दी है?**
(a) असम
(b) त्रिपुरा
(c) राजस्थान
(d) उत्तराखंड

2. **हाल ही में PM मोदी ने तालाबीरा थर्मल पावर प्रोजेक्ट की आधारशिला कहां रखी है ?**
(a) झारखंड
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) बिहार
(d) ओडिशा

3. **हाल ही में ब्लाइंड पुरुषों की राष्ट्रीय दृष्टिबाधित T-20 नागेश ट्रॉफी किसने जीती है ?**
(a) आंध्र प्रदेश
(b) कर्नाटक
(c) महाराष्ट्र
(d) मध्य प्रदेश

4. **'मेरा गांव, मेरी धरोहर' प्रोग्राम किस मंत्रालय की एक पहल है?**
(a) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(b) कृषि मंत्रालय
(c) पंचायती राज मंत्रालय
(d) संस्कृति मंत्रालय

5. **हाल ही में किस राज्य विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पेश किया गया?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) असम
(c) बिहार
(d) उत्तराखंड

6. **इंडिया एनर्जी वीक 2024 का आयोजन किस राज्य में किया जा रहा है?**
(a) हरियाणा
(b) मध्य प्रदेश
(c) गोवा
(d) बिहार

7. **देश के पहले 'डिजिटल राष्ट्रीय पुरालेख संग्रहालय' की आधारशिला कहां रखी गयी?**
(a) हैदराबाद
(b) पटना
(c) वाराणसी
(d) जयपुर

8. **नई दिल्ली के राष्ट्रीय बाल भवन में दो दिवसीय 'उल्लास मेले' का उद्घाटन किसने किया?**
(a) एस जयशंकर
(b) अनुराग ठाकुर
(c) धर्मेंद्र प्रधान
(d) ज्योतिरादित्य सिंधिया

9. **पहले बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किस शहर में किया जा रहा है?**
(a) ढाका
(b) कोलंबो
(c) नई दिल्ली
(d) काठमांडू

10. **वर्तमान में आरसीएस उड़ान योजना के तहत देश में कितने एयर-रूट संचालित किये जा रहे है?**
(a) 319
(b) 419
(c) 519
(d) 619

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (d) | (b) | (d) | (d) | (c) | (a) | (c) | (c) | (c) |